# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग—१ कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

---

शुक्रवार, तिथि ३ अगस्त, १९७३ ई०

---

विषय-सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर : | | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या : ४०, १०० एवं १०२ | ... | १—१० |
| तारांकित प्रश्न संख्या : २०९, ११३५, १४२७, १४२९, १४३०, १४३२, १४३३, १४३५, १४३६, १४३७, १४३९, १४४१, १४५० एवं १४६७। | | १०—३७ |
| परिशिष्ट (प्रश्नोत्तर के लिखित उत्तर) | ... ... | ३९—९२ |
| दैनिक निबंध : | ... ... ... | ९३—९४ |


---

टिप्पणी :—जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है उनके नाम के आगे (*) चिह्न लगा दिया गया है।

अन्य पड़ोसी राज्यों के बराबर रखना व्यवहारिक नहीं है। विदेशी शराब पर कर की दर में जब और जैसे आवश्यकता समझी जाती है वृद्धि की जाती है।

---

चकबन्दी पदाधिकारी पर आरोप।

१४६। श्री रामस्वरूप सिंह—क्या मंत्री (राजस्व) यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा अंचल के ग्राम पंचायत राज महेसिया के बसंतपुर गांव में चकबन्दी के सिलसिले में उपयुक्त अंचल चकबन्दी पदाधिकारी ने ग्यारह सदस्य बनाए जो एक ही परिवार के दो-दो सदस्य हैं।

(२) क्या यह बात सही है कि दिनांक ७जून१९७३ को श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम बसन्तपुर तथा अन्य ३७ व्यक्तियों ने उपयुक्त प्रखंड के चकबन्दी पदाधिकारी के भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में एक आवेदन-पत्र उप निर्देशक, चकबन्दी मुजफ्फरपुर को दिया है,

(३) क्या यह बात सही है कि उपयुक्त ग्राम के चक काटने में पक्षपात किया गया है जिससे जनता में क्षोभ है;

(४) क्या यह बात सही है कि चकबन्दी कार्यालय रीगा अंचल कार्यालय रीगा से करीब दो मील पर है जहाँ जनता को जाने में बहुत कठिनाई होती है और एकान्त में शान्तिपूर्वक जनता को शोषण होता है।

(५) यदि उपयुक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उपयुक्त आरोपों के संबंध में जांच करवाना चाहती है और रीगा चीनी मील के निकट अंचल कार्यालय को ले जाना चाहती है यदि हां तो कब तक और नहीं तो क्यों?

श्री लहटन चौधरी—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

ग्राम सलाहकार समिति का गठन दिनांक २० दिसम्बर १९७१ को किया गया है। एक परिवार के दो-दो सदस्य हैं जिनके नाम निम्न प्रकार हैं।—

(१) (क) श्री शुकदेव राय

(ख) श्री राम स्वार्थ राय

(२) (क) श्री लक्ष्मण प्रसाद

(ख) श्री उमाशंकर प्रसाद

उपर्युक्त सदस्यो में श्री उमाशंकर प्रसाद और श्री रामस्वार्थ राय महेसिया ग्राम पंचायत के क्रमशः मुखिया एवं उप मुखिया हैं इसलिये ग्राम पंचायत की कार्यकारिणि समिति के सदस्य के रुप में ही उपरोक्त दोनों व्यक्तियों को सलाहकार समिति में रखा गया है। चकबन्दी अधिनियम के अनुसार ग्राम पंचायत की कार्य-कारिणी समिति के सभी सदस्यों को अनिवार्यतः ग्राम सलाहकारिणी समिति में रखना है।

(२) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(३) पक्षपात के सम्बन्ध में जो शिकायतें स्थानीय पदाधिकारी के पास प्राप्त हुए हैं उनकी जांच की जा रही है।

(४) उत्तर नकारात्मक है।

रीगा चकबन्दी कार्यालय, रीगा अंचल कार्यालय से दो मील नहीं, करीब १ किलोमीटर दक्षिण पक्की सड़क पर है। रीगा अंचल कार्यालय के पास चकबन्दी कार्यालय के लिये भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण इसे वहां से थोड़ा अलग रखा गया है।

(५) आरोपों की जाच की जा रही है।

जहां तक अंचल कार्यालय रीगा के चीनी मिल के पास ले जाने का प्रश्न है, खंड (४) के उपर के संदर्भ में प्रश्न नहीं उठता।

---

जमीन की वापसी।

१५१। श्री यमुना सिंह— क्या मन्त्री, राजस्व विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर सुगर फैक्ट्री दो सौ एकड़ गैरमजरुआ जमीन अपने कब्जे में रखे हुए हैं;

(२) क्या यह बात सही है कि उक्त फैक्ट्री के पड़ोस में ही बरियारपुर तथा